प्रस रिलीस

बीईएमएल ने बागवानी पुरस्कार जीत लिया

बीईएमएल ने मैसूर बागवानी सोसायटी, लालबाग और बागवानी विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस बागवानी पुष्प-प्रदर्शनी में औद्योगिक श्रेणी के तहत कई बागवानी पुरस्कारों को प्राप्त किया है।

बीईएमएल को विभिन्न श्रेणियों में कुल 66 प्रथम पुरस्कार तथा 6 विशेष स्मृति चिन्हों से सम्मानित किया गया।

बीईएमएल पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने और वनस्पति तथा जीववर्ग को संरक्षित करने में हमेशा सबसे आगे है। अपने सभी स्थानों पर लगातार पेड़ के पौधों को रोपण करने के साथ-साथ, बीईएमएल विदेशी फूलों के पेड़ों, पौधों, झाड़ियों आदि के साथ हरे-भरे सजावटी उद्यान का भी अनुरक्षण करता आ रहा है, जिससे बेंगलूरु, केजीएफ, मैसूर और पालक्काड के उत्पादन इकाइयों में पर्यावरण के अनुकूल वातावरण का निर्माण किया जा रहा है।

बीईएमएल द्वारा एक रिलीस

तारीख : 25.01.2018